ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर, शुक्रवार 19 जून 2026

वर्ष 3 अंक 68

पृष्ठ 4

जियो का मेगा IPO जल्द, सेबी में ड्राफ्ट पेपर दाखिल; 27 करोड़ नए शेयर जारी करेगी कंपनी, आकाश-ईशा-अनंत संभालेंगे कमान



24 न्यूज अपडेट

मुंबई। भारत के कॉरपोरेट और शेयर बाजार के लिए बड़ी खबर सामने आई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल यूनिट जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड (JPL) ने आईपीओ की तैयारी शुरू कर दी है। कंपनी ने शुक्रवार को आईपीओ के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) जमा किया है। रिलायंस चेयरमैन मुकेश अंबानी ने 49वीं एनुअल जनरल मीटिंग में इसकी जानकारी दी। जियो के आईपीओ के जरिए कंपनी 27 करोड़ नए इक्विटी शेयर जारी करेगी। शेयरों का इश्यू प्राइस अभी तय नहीं किया गया है। आईपीओ से जुड़ी पूरी प्रक्रिया सेबी की मंजूरी के बाद आगे बढ़ेगी।

37 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का हो सकता है इश्यू

मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुमान के मुताबिक जियो का आईपीओ करीब 4 अरब डॉलर यानी 37 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का हो सकता है। इस आकार के साथ यह भारत के सबसे बड़े आईपीओ में शामिल हो सकता है।

अंबानी बोले- जियो की लिस्टिंग भारत की टेक क्षमता दिखाएगी

मुकेश अंबानी ने एजीएम में कहा कि जियो की लिस्टिंग दुनिया को यह दिखाएगी कि भारत वैश्विक स्तर की टेक्नोलॉजी कंपनियां बनाने की क्षमता रखता है। उन्होंने बताया कि जियो आईपीओ की पूरी प्रक्रिया की जिम्मेदारी आकाश अंबानी, ईशा अंबानी और अनंत अंबानी संभाल रहे हैं।

जियो में रिलायंस की सबसे बड़ी हिस्सेदारी

जियो प्लेटफॉर्म्स रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल कंपनी है। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज की हिस्सेदारी 66 प्रतिशत से अधिक है। वहीं ग्लोबल टेक कंपनियां गूगल और मेटा भी जियो प्लेटफॉर्म्स में निवेशक हैं। जियो प्लेटफॉर्म्स के पास रिलायंस जियो इंफोकॉम, डिजिटल सर्विसेज, क्लाउड और अन्य टेक्नोलॉजी कारोबार हैं। कंपनी ने भारत में डिजिटल इंटरनेट और 5G सेवाओं के विस्तार में बड़ी भूमिका निभाई है।

52 करोड़ से ज्यादा ग्राहक, इंटरनेट बाजार में मजबूत पकड़

टेलीकॉम सेक्टर में जियो देश की सबसे बड़ी कंपनियों में शामिल है। कंपनी के पास 52 करोड़ से ज्यादा ग्राहक हैं और भारत के इंटरनेट बाजार में इसकी मजबूत हिस्सेदारी है। जियो अब केवल टेलीकॉम कंपनी तक सीमित नहीं है। कंपनी एआई, क्लाउड, डिजिटल प्लेटफॉर्म, सैटेलाइट कनेक्टिविटी और नई तकनीकों पर फोकस बढ़ा रही है। एजीएम में आकाश अंबानी ने बताया कि कंपनी भारत के लिए भारतीय भाषाओं पर आधारित एआई तकनीक विकसित करने की दिशा में काम कर रही है।

रिलायंस की एआई इकाई जामनगर में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रही है। कंपनी का लक्ष्य एआई सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का है।

नवंबर-दिसंबर तक आ सकता है IPO

DRHP जमा होने के बाद अब सेबी दस्तावेजों की जांच करेगा। मंजूरी मिलने और बाकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद जियो का आईपीओ इस साल के अंत तक बाजार में आने की संभावना जताई जा रही है।

क्यों खास है जियो IPO?

रिलायंस की सबसे बड़ी डिजिटल कंपनी की शेयर बाजार में एंट्री भारत के सबसे बड़े आईपीओ में शामिल होने की संभावना टेलीकॉम से आगे एआई और डिजिटल इकोसिस्टम पर कंपनी का फोकस नई पीढ़ी के नेतृत्व में जियो के विस्तार की तैयारी

कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) की PM मोदी से मांग- NEET छात्रों के परिवारों को मिले 1 करोड़ मुआवजा, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। NEET परीक्षा से जुड़े विवाद के बीच कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन के फाउंडर अभिजीत दीपके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर NEET से जुड़े मामलों में जान गंवाने वाले छात्रों के परिवारों को 1-1 करोड़ रुपए मुआवजा देने की मांग की है।



पत्र में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी रखी गई है। दीपके ने कहा कि देश का शैक्षणिक माहौल युवाओं के जीवन और मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि ठोस कदम नहीं उठाए गए तो छात्रों और अभिभावकों में निराशा बढ़ सकती है। CJP ने 20 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का ऐलान किया है। इससे पहले संगठन नागपुर, जयपुर, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अमृतसर में NEET मुद्दे को लेकर प्रदर्शन कर चुका है।

36 दिनों में 12 छात्रों की मौत का दावा

CJP का दावा है कि पिछले 36 दिनों में NEET परीक्षा से जुड़े तनाव के कारण 12 छात्र-छात्राओं ने आत्महत्या की है। इंदौर में NEET की तैयारी कर रही छात्रा की तीसरी मंजिल से गिरने के बाद मौत का मामला भी सामने आया था।

सोशल मीडिया से शुरू हुआ संगठन

कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) की शुरुआत सोशल मीडिया पर हुई। संगठन की शुरुआत 16 मई को अभिजीत दीपके ने की थी। इसके बाद संगठन ने NEET व्यवस्था और छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर अभियान शुरू किया। CJP ने अलग-अलग शहरों में केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किए हैं। संगठन का कहना है कि छात्रों की समस्याओं पर सरकार को जवाबदेही तय करनी चाहिए।

कोलकाता एयरपोर्ट पर इंडिगो फ्लाइट पर गिरी बिजली, 147 यात्री सुरक्षित; कई राज्यों में बारिश का दौर जारी



24 न्यूज अपडेट

कोलकाता। मानसून की रफ्तार पर ब्रेक के बीच देश के कई हिस्सों में बारिश और तेज हवाओं का असर देखने को मिल रहा है। इसी बीच शुक्रवार को कोलकाता एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टल गया। अगरतला जाने वाली इंडिगो की एक फ्लाइट पर अचानक बिजली गिर गई। घटना के समय विमान में 147 यात्री सवार थे। बिजली गिरने के बाद एयरपोर्ट पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि विमान में मौजूद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से उनके गंतव्य अगरतला के लिए रवाना किया गया।

घटना में दो ग्राउंड स्टाफ को हल्की चोटें आईं। दोनों को प्राथमिक उपचार दिया गया और उनकी हालत सामान्य बताई गई है। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि विमान की तकनीकी जांच की जा रही है।

महाराष्ट्र, बंगाल और बिहार में तेज बारिश

देश में मानसून की स्थिति फिलहाल धीमी बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून पिछले करीब 11 दिनों से तेलंगाना क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पाया है। इसके बावजूद बंगाल, महाराष्ट्र और बिहार समेत कई राज्यों में बारिश का सिलसिला जारी है। कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में कुछ राज्यों में भारी बारिश की संभावना जताई है। वहीं, पश्चिमी तट और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मौसम सक्रिय रहने का अनुमान है।

परिवार गया बाहर, सूने मकान में घुसे चोर: सवीना के आरके पुरम में रात 3 बजे वारदात, CCTV में कैद हुए बदमाश



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सवीना थाना क्षेत्र के आरके पुरम इलाके में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। परिवार के बाहर जाने का फायदा उठाते हुए देर रात दो बदमाश घर में घुसे और सामान खंगालकर फरार हो गए। पूरी वारदात कॉलोनी में लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार मकान मालिक रवि गोराना परिवार के साथ एक कार्यक्रम में शामिल होने चंडीगढ़ गए हुए थे। इसी दौरान रात करीब 3 बजे बाइक सवार दो बदमाश कॉलोनी में पहुंचे। CCTV फुटेज में दोनों पहले आसपास घूमकर रेकी करते नजर आए, इसके बाद दीवार फांदकर मकान में प्रवेश किया। बदमाशों ने घर के ताले तोड़े और अंदर रखे सामान को खंगाला। सुबह पड़ोसियों ने मकान का ताला टूटा देखा तो चोरी की जानकारी मिली। उन्होंने तुरंत मकान मालिक और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सवीना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार चोरी हुए सामान और नुकसान का वास्तविक पता मकान मालिक के उदयपुर लौटने के बाद ही चल पाएगा। घटना के बाद कॉलोनीवासियों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

तेजप्रताप यादव पर घर में घुसने और धमकी देने का आरोप, अनुष्का के भाई ने दर्ज कराई FIR; नेता ने बताया साजिश



24 न्यूज अपडेट

पटना। बिहार के पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव एक बार फिर विवादों में हैं। उनकी कथित गर्लफ्रेंड अनुष्का यादव के भाई आकाश यादव ने आरोप लगाया है कि तेजप्रताप ने बेटी उज्जैनी से मिलने के लिए उनके घर में जबरन घुसने की कोशिश की और परिवार को धमकाया। इस मामले में FIR दर्ज कर जांच शुरू हो गई है। आकाश यादव का आरोप है कि 6 जून को तेजप्रताप यादव अपने साथी मोतीलाल यादव के साथ पटना के पाटलिपुत्र स्थित उनके घर पहुंचे थे। उन्होंने घर में प्रवेश करने की कोशिश की। विरोध करने पर कथित तौर पर धमकी दी गई कि उज्जैनी का अपहरण करा दिया जाएगा और गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। आकाश ने पुलिस को दी शिकायत में फोन पर धमकी मिलने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि एक व्यक्ति ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताते हुए धमकी दी। पुलिस ने मामले में FIR दर्ज कर कॉल रिकॉर्डिंग और अन्य तथ्यों की जांच शुरू कर दी है। वहीं तेजप्रताप यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप मनगढ़ंत हैं और यह उनकी छवि खराब करने की साजिश है। दरअसल, विवाद की शुरुआत मई 2025 में हुई थी, जब तेजप्रताप के सोशल मीडिया अकाउंट से अनुष्का यादव के साथ तस्वीरें शेयर की गई थीं। पोस्ट में दोनों के 12 साल पुराने रिश्ते का दावा किया गया था। बाद में तेजप्रताप ने इसे खारिज करते हुए कहा था कि उनका अकाउंट हैक हुआ था और पोस्ट गलत तरीके से डाली गई थी। फरवरी 2026 में अनुष्का के बेटी होने के बाद एक बार फिर दोनों के रिश्ते को लेकर चर्चा तेज हुई थी। हालांकि तेजप्रताप ने बच्ची का पिता होने से इनकार किया था। अब ताजा विवाद FIR और पुलिस जांच के बाद आगे बढ़ गया है।

राम मंदिर चढ़ावा विवाद के बीच अयोध्या पहुंचे सीएम योगी, बोले- दोषी कोई भी हो बचेगा नहीं



24 न्यूज अपडेट

अयोध्या। राम मंदिर में चढ़ावे की राशि में कथित चोरी के विवाद के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने हनुमानगढ़ी में पूजा-अर्चना के बाद रामलला के दर्शन किए और मंदिर परिसर में दंडवत प्रणाम किया।

सीएम योगी ने जनसभा में कहा कि राम मंदिर को लेकर राजनीति करने वालों को जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि रामभक्तों को मर्यादा बनाए रखनी चाहिए और एसआईटी जांच पूरी होने का इंतजार करना चाहिए। दोषी चाहे कोई भी हो, उसके खिलाफ कार्रवाई तय है।

योगी ने कहा कि जिन लोगों ने राम मंदिर निर्माण का विरोध किया, वही आज अयोध्या को लेकर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले रामभक्तों पर गोली चलाने वाले अब राम नाम की बात कर रहे हैं।

चढ़ावा चोरी मामले को लेकर योगी ने कहा कि सरकार ने ट्रस्ट के आग्रह पर एसआईटी जांच शुरू कराई है। अगर किसी के पास कोई सबूत है तो वह जांच टीम को उपलब्ध कराए। जांच निष्पक्ष तरीके से होगी।

गौरतलब है कि मंदिर में दान राशि में गड़बड़ी के आरोपों के बाद एसआईटी जांच चल रही है। अब तक कई कर्मचारियों से पूछताछ हो चुकी है और जांच टीम वित्तीय रिकॉर्ड, बैंक दस्तावेजों व दान राशि की प्रक्रिया की पड़ताल कर रही है। वहीं मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय योगी के कार्यक्रम से दूर रहे और कारसेवकपुरम में मौजूद थे।

संपादकीय : नाविकों की सुरक्षा

यह कूटनीति का सबसे आवश्यक और असहज क्षण रहा होगा, जब प्रधानमंत्री अहमद ने अमेरिका के राष्ट्र डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत में भारतीय समुद्री नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। उन्होंने साफ कहा कि अमेरिका तथा ईरान के बीच प्रस्तावित शांति समझौते में नाविकों के संरक्षण के लिए प्रावधान होने चाहिए। दोनों की यह मुलाकात ऐसे समय में हुई, जब एक व्यापारिक जहाज पर अमेरिका के सैन्य हमले में भारतीय चालक दल के तीन सदस्यों की मौत को लेकर भारत में आक्रोश बढ़ रहा था। इसे लेकर भारत ने विभिन्न कूटनीतिक माध्यमों से आपत्ति जताई थी, लेकिन अमेरिका अपनी गलती मानने को तैयार नहीं था। वह यही कहता रहा कि नाविकों को हमारी चेतावनी पर गौर करना चाहिए था। ट्रंप से वार्ता से पहले प्रधानमंत्री ने जी शिखर सम्मेलन के दौरान नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया था। सम्मेलन में उन्होंने सीधे अमेरिका का नाम नहीं लिया, लेकिन दबाव बनाया। तभी ट्रंप को कहना पड़ा कि समुद्री नाविकों की सुरक्षा को लेकर दोनों देश मिलकर काम करेंगे। नाविकों की सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री की टिप्पणी ने दुनिया भर में अपने नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया । दरअसल, होर्मुज और इसी तरह के मार्ग जब युद्धक्षेत्र बन जाते हैं, तो अर्थव्यवस्था किस कदर डगमगाती है- इसे पूरी दुनिया ने देखा। ऊर्जा की कीमतें, आपूर्ति श्रृंखलाएं मुद्रास्फीति लक्ष्य और यहां तक कि वैश्विक कूटनीति भी प्रभावित दिखी। यही कारण है कि प्रधानमंत्री द्वारा यह मुद्दा उठाना महज औपचारिकता नहीं थी, बल्कि एक गंभीर पहल थी । पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद से भारतीय नाविकों को समुद्री असुरक्षा का बोझ उठाना पड़ा है। जहाजरानी महानिदेशालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में लगभग सात लाख 40 हजार पंजीकृत नाविक हैं, जिनमें से तीन लाख 23,479 सक्रिय हैं। विश्वभर के जहाजी दल में भारतीय चालक दल के सदस्यों की हिस्सेदारी लगभग 17 फीसद है। संकट के दौरान होर्मुज और उसके आसपास 550 से अधिक भारतीय नाविकों को ले जा रहे भारतीय ध्वज वाले 13 जहाज लगभग सौ दिनों तक फंसे रहे। ओमान के तट के पास भारतीय नाविकों आदित्य शर्मा, शिवानंद चौरसिया और पटनाला सुरेश की मौत से यह धारणा टूट गई है कि व्यापारिक जहाजरानी तटस्थ क्षेत्र है जहां वैश्विक मीडिया समुद्री कानूनों की बारीकियों पर बहस कर रहा है, वहीं भारत में परिवार शोक मना रहे हैं और हमारे नाविकों की सुरक्षा को लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं। ये लोग लड़ाके नहीं थे । वे वैश्विक व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए काम करने वाले पेशेवर और असैन्य नागरिक थे नाविकों की सुरक्षा और कल्याण को सबसे पहले जगह मिलनी चाहिए। समुद्री कानूनों का जिम्मेदारीपूर्वक पालन होना चाहिए। विशेष रूप से भारत के लिए, आगे का रास्ता स्पष्ट है- केवल कूटनीतिक बयानबाजी नहीं, बल्कि संघर्ष क्षेत्रों में नाविकों की सुरक्षा को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाना होगा। नाविकों की सुरक्षा, कल्याण और अधिकारों को सुनिश्चित करना मानवीय जिम्मेदारी होने के साथ-साथ प्रमुख राष्ट्रीय हित भी है।

अवसर की सियासत

युद्ध और संघर्ष से दुनिया के कई हिस्सों में भुखमरी का संकट गहराने लगा है। इस स्याह परिदृश्य के बीच संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसियों की चेतावनी को गंभीरता से लेने की जरूरत है। उन्होंने आगाह किया है कि आने वाले महीनों में दुनिया के तेरह संकटग्रस्त क्षेत्रों में भीषण भुखमरी की स्थिति पैदा हो सकती है। करीब छब्बीस करोड़ से अधिक लोग पहले ही खाद्य संबंधी गंभीर असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। गौरतलब है कि खाद्य एवं कृषि संगठन और विश्व खाद्य कार्यक्रम ने बीते बुधवार को अपनी साझा रिपोर्ट में कहा है कि जून से नवंबर 2026 के बीच स्थिति और बिगड़ने की आशंका है। इससे समझा जा सकता है कि विश्व के सामने इस समय कितनी बड़ी चुनौती है। हालांकि विकास का दावा करने वाले देशों में भी स्थिति कोई अच्छी नहीं है। ऐसे में पिछड़े और युद्ध प्रभावित देशों में हालात का अंदाजा लगाया जा सकता है। खाद्य एजेंसियों की रिपोर्ट के मुताबिक सूडान, दक्षिणी सूडान, गाजा पट्टी और यमन सबसे अधिक संकट वाले क्षेत्र बने हुए हैं। इसी श्रेणी में सोमालिया और नाइजीरिया को भी शामिल किया गया है। वहीं अल-नीनो के प्रभाव के कारण कई क्षेत्रों में सूखे एवं बाढ़ से स्थिति और खराब हो सकती हैं। खाद्य एजेंसियों की चेतावनियों को नजरअंदाज नहीं किया सकता। दुनिया के किसी हिस्से में कोई व्यक्ति भूखा सो जाता है, तो इसके लिए वे देश भी जिम्मेदार हैं जो मदद करने से हाथ खींच रहे हैं। मानवीय सहायता के लिए धन में कटौती किए जाने का इशारा खाद्य एजंसियों ने भी किया है। उनकी रिपोर्ट के मुताबिक जरूरतों में भारी वृद्धि के बावजूद खाद्य सहायता और इससे जुड़े कार्यक्रमों के लिए धनराशि वर्ष 2022 के बाद से करीब उनसठ फीसद घट गई है। ऐसे में सवाल है कि बड़े देश सहायता से पीछे हट कर दुनिया की कैसी तस्वीर देखना चाहते हैं ? यह दुखद है कि कई देशों में बदहाली को खत्म करने में विश्व असहाय है। हालांकि इस नाउम्मीदी के बीच अमेरिका ने अस्सी करोड़ डालर देने का संकल्प जता कर उम्मीद जगाई है। मगर भुखमरी के खिलाफ लड़ाई कब तक चलेगी, कोई नहीं जानता ।

उदयपुर में मौसम ने बदली चाल, तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश से मिली उमस से राहत; अगले दो दिन बूंदाबांदी के आसार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। दिनभर की गर्मी और उमस से परेशान उदयपुरवासियों को शुक्रवार शाम मौसम के बदले मिजाज ने राहत दी। शाम ढलते ही शहर में तेज हवाओं का दौर शुरू हुआ और कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। अचानक बदले मौसम से तापमान में गिरावट महसूस हुई और वातावरण में ठंडक घुल गई। दिनभर आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही, लेकिन गर्मी और उमस का असर कायम था। शाम को हवाओं की रफ्तार बढ़ी और इसके बाद बूंदाबांदी शुरू हो गई। बारिश के बाद शहर के बाजारों और सड़कों पर लोगों ने सुहाने मौसम का आनंद लिया।

पश्चिमी विक्षोभ और प्री-मानसून नमी का असर

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव और बंगाल की खाड़ी से आ रही प्री-मानसून नमी के कारण दक्षिणी राजस्थान के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। आने वाले दो दिनों में उदयपुर सहित मेवाड़ क्षेत्र में हल्की बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई गई है। पश्चिमी विक्षोभ और नमी के संयुक्त प्रभाव से दक्षिण-पश्चिम मेवाड़, हाड़ौती और राजस्थान के कई हिस्सों में हल्की खंड वर्षा की गतिविधियां हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि उदयपुर में अगले दो दिन हल्की बारिश के आसार बने रहेंगे, हालांकि तापमान में बड़ी गिरावट की संभावना नहीं है।

35 डिग्री रहा दिन का तापमान

डबोक मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को उदयपुर का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस रहा। गुरुवार को अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

नौकरी बचाने की मांग लेकर मंत्री खराड़ी से मिले निविदा नर्सेज, बोले- अचानक हटे तो परिवार चलाना मुश्किल होगा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। नौकरी बचाने की मांग को लेकर निविदा नर्सेज ने अब जनप्रतिनिधियों से गुहार लगानी शुरू कर दी है। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन उदयपुर के जिलाध्यक्ष प्रवीण चरपोटा के नेतृत्व में निविदा नर्सेज ने शुक्रवार को जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी को ज्ञापन सौंपकर सेवा जारी रखने की मांग की। निविदा नर्सेज ने मंत्री को बताया कि वे पिछले दो-तीन वर्षो से अस्पतालों में अल्प मानदेय पर मरीजों की सेवा कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन अचानक नौकरी समाप्त होने की स्थिति में उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। नर्सेज ने कहा कि मानदेय भले ही सीमित रहा हो, लेकिन इसी आय से उनके परिवारों का पालन-पोषण हो रहा है। उन्होंने सरकार से निविदा व्यवस्था में लगे नर्सिंगकर्मियों को राहत देने और उनकी सेवाएं जारी रखने की मांग की। इस दौरान राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के संरक्षक सत्यवीर सिंह तंवर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रमेश मीणा, सचिव लालचंद ऐचरा सहित बड़ी संख्या में निविदा नर्सेज मौजूद रहे।

साली को लेकर भागा युवक पुलिस को देख पांचवीं मंजिल से कूदा, अहमदाबाद में मौत; दो महीने से थी तलाश

24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। चौरासी थाना क्षेत्र के पगारा गांव से साली को लेकर फरार हुए युवक की अहमदाबाद में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पुलिस और परिजन युवक व महिला की तलाश करते हुए अहमदाबाद पहुंचे थे। वहां पुलिस को देखकर युवक इमारत की पांचवीं मंजिल से कूद गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पगारा निवासी राजू रोत करीब दो महीने पहले अपनी साली को लेकर चला गया था। महिला के पति ने इस मामले में चौरासी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस और परिजन दोनों की तलाश में जुटे हुए थे। जांच के दौरान पुलिस को दोनों के अहमदाबाद में होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस और परिजन अहमदाबाद पहुंचे, जहां दोनों एक इमारत में काम करते हुए मिले। बताया जा रहा है कि पुलिस और परिजनों को देखकर राजू घबरा गया और इमारत की पांचवीं मंजिल से नीचे कूद गया। गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाद में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद राजू के परिजन भी अहमदाबाद पहुंच गए हैं। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

श्रुत पंचमी पर पद्मप्रभ भगवान और जिनवाणी की निकली भव्य शोभायात्रा, श्रुत स्कंध विधान में श्रद्धालुओं ने लिया भाग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। श्रुत पंचमी महापर्व के अवसर पर पद्मप्रभ दिगंबर जैन मंदिर पायड़ा में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। आचार्य श्री आदि सागर जी अंकलीकर परंपरा के तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर जी एवं प्रथम गणिनी आर्यिका विजयमति माताजी की परम शिष्या आर्यिका नमन श्री माताजी और आर्यिका विनय प्रभा माताजी के सानिध्य में श्रुत स्कंध विधान संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान पद्मप्रभ एवं जिनवाणी जी की पालकी में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और धार्मिक उत्साह के साथ जिनवाणी की आराधना की। मंदिर अध्यक्ष प्रकाश चंद्र अदवासिया ने बताया कि कार्यक्रम में ज्येष्ठ जिनवर कुंभ कलश से अभिषेक एवं शांति धारा का आयोजन किया गया। अभिषेक एवं शांति धारा का लाभ श्री वरदीचंद सेमलिया एवं अशोक अविल अदवासिया परिवार द्वारा लिया गया, वहीं जिनवाणी पूजन नमोस्तु शासन परिवार की ओर से किया गया। आर्यिका नमन श्री माताजी ने श्रुत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रुत देवी का संदेश है कि ज्ञान प्राप्त करें, लेकिन ऐसा ज्ञान ग्रहण करें जो जीवन में उपयोगी और कल्याणकारी हो। कार्यक्रम के अंत में वर्ष 2026 के चातुर्मास के लिए आर्यिका संघ को श्रीफल अर्पित किया गया। आयोजन की जानकारी परम संरक्षक सेठ धनराज सकावत एवं महामंत्री कमलेश चिबोडिया ने दी।

चारण महासभा अध्यक्ष पद का चुनाव 21 जून को, 2200 मतदाता करेंगे फैसला

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। चारण महासभा संस्थान के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अध्यक्ष पद के लिए मतदान 21 जून को भोपाल चारण छात्रावास, सूरजपोल स्थित हनुमान मंदिर परिसर में होगा। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। मतदान समाप्त होते ही मतगणना शुरू की जाएगी और देर रात तक परिणाम घोषित होने की संभावना है। इस चुनाव में उदयपुर सहित बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा और राजसमंद जिलों के चारण समाज के करीब 2200 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। मतदान के लिए मतदाताओं को आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें सेवानिवृत्त सीआई नरेंद्र सिंह सौदा (राबचा) और भेरू सिंह सौदा (डीडवाना) शामिल हैं। चुनाव को लेकर समाज में उत्साह बना हुआ है। संस्थान के संविधान के अनुसार निर्वाचित अध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्ष का रहेगा। अध्यक्ष को अन्य पदों पर मनोनयन का अधिकार होगा और एक माह के भीतर नई कार्यकारिणी घोषित करनी होगी।

निर्वाचन प्रक्रिया के लिए नरपत सिंह को पर्यवेक्षक बनाया गया है, जबकि जब्बर सिंह और महिपाल सिंह निर्वाचन अधिकारी की जिम्मेदारी संभालेंगे।

तीन दिन में सोना-चांदी में बड़ी गिरावट, चांदी 8800 रुपए और सोना 2200 रुपए तक टूटा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सर्राफा बाजार में पिछले तीन दिनों में सोने-चांदी के भाव में लगातार गिरावट देखने को मिली है। उदयपुर सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार 17 जून से 19 जून के बीच चांदी के भाव में जहां करीब 8800 रुपए प्रति किलो की कमी आई, वहीं सोने के भाव भी 2200 रुपए तक नीचे आ गए। सर्राफ व्यवसायी इंदरसिंह मेहता ने बताया कि 17 जून को चांदी टंच का भाव 2,47,600 रुपए प्रति किलो था, जो 19 जून को घटकर 2,38,800 रुपए प्रति किलो रह गया। इसी तरह चांदी चौरसा का भाव 2,46,200 रुपए से गिरकर 2,37,500 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया। सोने में भी तीन दिन में गिरावट दर्ज की गई। 17 जून को सोना स्टैंडर्ड (999) का भाव 1,50,200 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो 19 जून को घटकर 1,48,000 रुपए रह गया। वहीं सोना जेवराती (23 कैरेट) 1,44,190 रुपए से गिरकर 1,42,080 रुपए और 22 कैरेट सोना 1,38,185 रुपए से घटकर 1,36,160 रुपए पर आ गया। बाजार में उतार-चढ़ाव का असर कीमती धातुओं के भाव पर दिखाई दे रहा है। सभी भावों पर 3 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त देय होगा।

सांवलियाजी मंदिर भंडार गिनती का चौथा राउंड: 2.50 करोड़ रुपए निकले, चढ़ावा 31.12 करोड़ पार

24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। मेवाड़ के प्रसिद्ध कृष्णधाम श्री सांवलियाजी मंदिर में भंडार की गिनती लगातार जारी है। शुक्रवार को गिनती के चौथे चरण में 2 करोड़ 50 लाख 82 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई। इसके साथ ही अब तक चार राउंड में कुल 31 करोड़ 12 लाख 28 हजार 200 रुपए की गणना हो चुकी है। मंदिर प्रशासन के अनुसार शनिवार को भंडार की पांचवें चरण की गिनती की जाएगी। इसके बाद चढ़ावे की राशि का आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है।

राजभोग आरती के बाद शुरू हुई गिनती

शुक्रवार सुबह राजभोग आरती के बाद मंदिर प्रशासन की निगरानी में भंडार की राशि गिनने का काम शुरू हुआ। बड़ी संख्या में कर्मचारी और अधिकारी पूरी प्रक्रिया में जुटे रहे। दिनभर चली गिनती के बाद चौथे राउंड की राशि का आंकड़ा सामने आया। गिनती के दौरान सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर में पूरी प्रक्रिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

मंगलवार से शुरू हुई थी गणना

मंदिर का भंडार रविवार को खोला गया था, लेकिन बैंक अवकाश के कारण उस दिन गिनती शुरू नहीं हो सकी। सोमवार को अमावस्या होने के कारण भी प्रक्रिया स्थगित रही। इसके बाद मंगलवार से गिनती शुरू हुई। पहले दिन पहले राउंड, बुधवार को दूसरे राउंड, गुरुवार को तीसरे राउंड और शुक्रवार को चौथे राउंड की गणना पूरी हुई। श्री सांवलियाजी मंदिर राजस्थान के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है। यहां देशभर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं और अपनी श्रद्धा अनुसार नकद राशि व अन्य भेंट अर्पित करते हैं।

NEET री-एग्जाम 2026 को लेकर राजस्थान पुलिस अलर्ट, पेपर लीक और नकल की सूचना के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA), नई दिल्ली की ओर से रविवार 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली NEET री-एग्जाम 2026 को लेकर राजस्थान पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपील जारी की है। राजस्थान पुलिस ने कहा है कि परीक्षा के दौरान पेपर लीक, नकल या किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 8764514102 पर सूचना दें।



पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस ने अभ्यर्थियों और आम नागरिकों से निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा कराने में सहयोग करने की अपील की है। राजस्थान पुलिस ने संदेश में कहा कि "सजग पुलिस, निष्पक्ष परीक्षा" के संकल्प के साथ परीक्षा में किसी भी तरह की अनियमितता पर नजर रखी जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें और समय रहते सूचना देकर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने में सहयोग करें।

हेल्पलाइन नंबर:
8764514102

विशेष अभियान में 15 दिन में 1.24 लाख वाहनों पर कार्रवाई, नियम तोड़ने वालों पर पुलिस का शिकंजा



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 19 जून। राजस्थान की सड़कों पर यातायात व्यवस्था को सुधारने और वीआईपी कल्चर के नाम पर हुड़दंग व नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों को सबक सिखाने के लिए पुलिस मुख्यालय का विशेष अभियान पूरी ताकत से जारी है। महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के कड़े निर्देशों के बाद प्रदेशभर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस पूरी मुहिम की कमान महानिदेशक पुलिस यातायात श्री अनिल पालीवाल और अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस यातायात डॉ. बी.एल. मीणा संभाल रहे हैं, जिनके सख्त सुपरविजन में जिला पुलिस और ट्रैफिक टीमें दिन-रात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई कर रही हैं।

15 दिनों में 1.24 लाख से अधिक वाहनों के चालान डीजी ट्रैफिक श्री पालीवाल ने बताया कि समेकित आंकड़ों पर नजर डालें तो 4 जून से 18 जून 2026 तक के 15 दिनों के भीतर राजस्थान पुलिस ने कुल 1,24,384 वाहनों के खिलाफ बड़ी प्रवर्तन कार्रवाई की है।

अभियान के दौरान सबसे अधिक कार्रवाई वाहनों के शीशों पर अवैध ब्लैक फिल्म के खिलाफ की गई, जिसमें 46,958 चालान किए गए। इसके अलावा नियम विरुद्ध नंबर प्लेट एवं पंजीयन चिह्न के 31,961, वाहनों पर अनाधिकृत शब्द, चिन्ह एवं लेखन के 17,209, वाहनों की बॉडी/चेसिस में अवैध परिवर्तन के 12,232, अनाधिकृत लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर, स्ट्रोब लाइट एवं हूटर के 9,271 तथा प्रेशर हॉर्न एवं एयर हॉर्न के 6,753 मामलों में कार्रवाई की गई।

गुरुवार का एक्शन: 7,447 वाहन नपे

विशेष अभियान के गुरुवार को प्रदेशभर में कुल 7,447 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इनमें 2,577 मामलों में ब्लैक फिल्म हटाने, 1,813 मामलों में नियम विरुद्ध नंबर प्लेट, 1,173 मामलों में वाहनों पर अनाधिकृत शब्द एवं चिन्ह, 849 मामलों में वाहन संरचना में अवैध परिवर्तन, 603 मामलों में अनाधिकृत लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर एवं हूटर तथा 432 मामलों में प्रेशर/एयर हॉर्न के खिलाफ चालान किए गए। शुक्रवार को दौसा में सर्वाधिक 553 कार्रवाई

जिलावार आंकड़ों के अनुसार दौसा में सर्वाधिक 553 कार्रवाई दर्ज की गई। इसके बाद जयपुर पश्चिम में 534, अजमेर में 492, जयपुर यातायात में 369, जयपुर ग्रामीण में 353, चित्तौड़गढ़ में 347, बांसवाड़ा में 303 मामलों में कार्रवाई की गई। वहीं अन्य जिलों में भी विशेष अभियान के तहत प्रभावी प्रवर्तन किया गया।

डीजी श्री पालीवाल ने बताया कि सड़क सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और भविष्य में भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त एवं निरंतर अभियान जारी रहेंगे। आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, वाहनों में किसी प्रकार का अवैध संशोधन या ब्लैक फिल्म का उपयोग न करें तथा प्रेशर हॉर्न, अनाधिकृत हूटर और नियम विरुद्ध नंबर प्लेट से बचें, ताकि सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

खाओ—खिलाओ संस्कृति जिंदाबाद : जयपुर नगर निगम में पशुधन निरीक्षक 6 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को जयपुर नगर निगम में ट्रैप कार्रवाई करते हुए एक पशुधन निरीक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पशुधन निरीक्षक सुरेंद्र कुमावत पर एक दुकान का लाइसेंस जारी करने की एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है। एसीबी को शिकायत मिली थी कि नगर निगम के अधिकारी द्वारा दुकान का लाइसेंस जारी



करने के लिए अवैध रूप से रुपए मांगे जा रहे हैं। शिकायत का सत्यापन करवाने के बाद एसीबी टीम ने कार्रवाई की और सुरेंद्र कुमावत को 6 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ लिया।

एसीबी कर रही पूछताछ

कार्रवाई के बाद एसीबी ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। यह कार्रवाई एसीबी पुलिस निरीक्षक रघुवीर शरण के नेतृत्व में की गई।

RPSC SI भर्ती परीक्षा-2025 का रिजल्ट जारी: 1086 पदों के लिए हुई थी परीक्षा, सफल अभ्यर्थी देंगे फिजिकल टेस्ट



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) ने सब इंस्पेक्टर (SI)/प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा-2025 की लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। यह परीक्षा 5 और 6 अप्रैल 2026 को आयोजित की गई थी। आयोग के अनुसार, गृह विभाग के तहत अनुसूचित क्षेत्र और गैर अनुसूचित क्षेत्र में उप निरीक्षक (SI) एवं प्लाटून कमांडर के पदों के लिए आयोजित परीक्षा में न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को अब अगले चरण की प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। सफल उम्मीदवारों को शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) देनी होगी।

1086 पदों पर होगी भर्ती

सब इंस्पेक्टर/प्लाटून कमांडर भर्ती-2025 में कुल 1086 पदों पर चयन किया जाएगा। भर्ती के दौरान पदों में बढ़ोतरी भी की गई थी। एसआई नॉन-शेड्यूल एरिया के 61 पद बढ़ाए गए हैं। पहले इस कैटेगरी में 896 पद थे, जो बढ़कर 957 हो गए हैं। वहीं शेड्यूल एरिया, सहरिया, आईबी और प्लाटून कमांडर के पदों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अब चयन प्रक्रिया के अगले चरण में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जाएगी

राजसमंद में तालाब में डूबने से युवक की मौत: पैर फिसलने से गहरे पानी में गिरा, रेस्क्यू टीम ने निकाला शव

24 न्यूज अपडेट

राजसमंद। जिले के दिवेर थाना क्षेत्र में तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। घटना छापली महादेव जी की नाल स्थित हरि सागर तालाब की है। जानकारी के अनुसार, छापली कानावास निवासी मोहन सिंह (21) अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए छापली महादेव जी की नाल गया था। इस दौरान वह तालाब की पाल पर खड़ा था, तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा। दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह पानी में डूब गया। घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दिवेर थाना पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही हेड कॉन्स्टेबल शिव सिंह, कॉन्स्टेबल हेमराज और राजेश पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) की रेस्क्यू टीम को बुलाया गया। ग्रामीणों और रेस्क्यू टीम ने संयुक्त प्रयास कर कड़ी मशक्कत के बाद युवक के शव को तालाब से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर देवगढ़ हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उठो, जागो, जैक—चैक जुगाड़ और सेटिंग बिठाओ!!! राजस्थान में सरकारी कर्मचारियों के ट्रांसफर से हटा बैन,

24 न्यूज अपडेट

जयपुर। उठो, जागो और जैक जुगाड़ बिठाओ। जैक नहीं चलता हो तो चैक तैयार रखो। सेटिंग भी तैयार रखो,,,तबादलों का मानसून आ गया है। राजस्थान सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग पर लगी रोक हटा दी है। सरकार ने यह रोक 19 जून से 5 जुलाई 2026 तक (16 दिन) के लिए हटाई है। लंबे समय से सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों में तबादलों को लेकर चर्चा चल रही थी। अब प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग की ओर से जारी आदेश के बाद इन चर्चाओं पर विराम लग गया है। हालांकि शिक्षा विभाग के तृतीय श्रेणी वेतन श्रृंखला के अध्यापकों और वर्षा काल में संभावित बीमारियों को देखते हुए चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों के तबादलों पर रोक फिलहाल जारी रहेगी। सरकार ने तबादलों में कुछ वर्गों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। इनमें एकल महिला, विधवा, परित्यक्ता, दिव्यांग कर्मचारी, लंबे समय से सेवा दे रहे कर्मचारी और गंभीर बीमारियों से पीड़ित कर्मचारी शामिल हैं। गंभीर बीमारियों में कैंसर, मस्तिष्क, हृदय, फेफड़े और किडनी से जुड़ी बीमारियों को शामिल किया गया है। यह आदेश केवल सरकारी कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि राज्य के निगमों, मंडलों, बोर्डों और स्वायत्तशासी संस्थाओं पर भी लागू होगा।

सुखेर में ढाबे पर बालश्रम कराने का मामला, नारायणलाल के खिलाफ केस दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सुखेर थाना क्षेत्र में एक ढाबे पर नाबालिग बालक से काम करवाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, एएचटीयू उदयपुर की सहायक उपनिरीक्षक रेखा मीणा ने रिपोर्ट दी कि पंडित जी का ढाबा, अंबेरी पर एक छोटे बालक से कार्य (बालश्रम) कराया जा रहा था और उसका शोषण किया जा रहा था। मामले में पुलिस ने नारायणलाल पिता रूपलाल, निवासी एकलिंगजी मंदिर के पास, कैलाशपुरी, उदयपुर के खिलाफ जेजे एक्ट 2015 की धारा 79, 3, 7/14 और भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 146 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच सुखेर थाना पुलिस के कैशर सिंह कर रहे हैं।

फेल हो गया सरकारी साइबर पहरा, VPN और प्रॉक्सी से टेलीग्राम पर 'पेपर माफिया' चैनल चलाया, नीट का फर्जी पेपर बेच कर लूटा, स्टूडेंट गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा। टेलीग्राम एप पर बैन लगाने के सरकारी प्रयासा फेल होते नजर आए। एक 19 साल के बदमाश ने वीपीएन लगा कर चैनल चला दिया और फर्जी पेपर बांट कर ठगी करने लगा। NEET री-एग्जाम के तीन दिन पहले पुलिस ने भीलवाड़ा में फर्जी पेपर बेचने वाले एक स्टूडेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी टेलीग्राम एप के जरिए फर्जी पेपर बेचने का दावा कर अभ्यर्थियों से पैसे ले रहा था। पुलिस ने आरोपी आकाश चौधरी (19) को गुरुवार देर रात करीब 1 बजे शहर के पटेल नगर स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया। आरोपी टेलीग्राम पर 'पेपर माफिया' नाम से चैनल चला रहा था, जिसमें 52 मेंबर जुड़े हुए थे। पुलिस के अनुसार, आकाश चौधरी जयपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। वह री-NEET के फर्जी पेपर को चार-चार हजार रुपए में बेचने का दावा कर रहा था। पैसे लेने के लिए वह क्यूआर कोड के जरिए अपने खाते में ट्रांसफर करवाता था।

USA के VPN से चला रहा था टेलीग्राम चैनल

प्रताप नगर थाना प्रभारी सुनील ताड़ा ने बताया कि भारत सरकार के एस-मेक पोर्टल के जरिए एसपी कार्यालय की विशेष शाखा को सोशल मीडिया पर पेपर लीक के नाम पर संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। इसके बाद डीएसटी से मिले इनपुट के आधार पर पटेल नगर में दबिश दी गई। जांच में सामने आया कि आरोपी टेलीग्राम को अमेरिका के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN) और प्रॉक्सी नेटवर्क के जरिए चला रहा था। पुलिस ने उसके पास से मोबाइल फोन, NEET की किताब और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं।

किताब के पन्ने स्कैन कर बना रहा था डमी पेपर

पुलिस के मुताबिक, आरोपी NEET की किताब के पन्नों को स्कैन कर डमी पेपर तैयार करता था और उसे असली पेपर बताकर अभ्यर्थियों को भेजता था। पुलिस अब उसके बैंक लेन-देन, नेटवर्क और ठगी का शिकार हुए लोगों की जानकारी जुटा रही है। आकाश चौधरी मूल रूप से चूरू जिले के रावतसर क्षेत्र के परिवार से जुड़ा है। उसका परिवार करीब 25 साल पहले रोजगार के लिए भीलवाड़ा आकर पटेल नगर विस्तार में रहने लगा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी पेपर बेचने, आईटी एक्ट और सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। मामले में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

खेरवाड़ा में क्वार्टर के नीचे खड़ी बाइक चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। खेरवाड़ा थाना क्षेत्र में क्वार्टर के नीचे खड़ी बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, चौथमल मीणा पिता गोकूलचंद मीणा, उम्र 34 साल, निवासी अजमेरी, थाना अजितगढ़, जिला सीकर (राजस्थान) ने रिपोर्ट दी कि उनकी बाइक क्वार्टर नंबर 100 के नीचे खड़ी थी। 13 जून की रात करीब 12 बजे के बाद अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी कर ले गया। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। इस मामले में खेरवाड़ा थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच खेरवाड़ा थाना पुलिस के हितेश पाटीदार कर रहे हैं।

बडगांव में भूखंड पर कब्जे की कोशिश का आरोप, जूली श्रीमाली और मनीष श्रीमाली पर मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। बडगांव थाना क्षेत्र में भूखंड पर जबरन कब्जा करने की कोशिश का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में जूली श्रीमाली और मनीष श्रीमाली, निवासी 3-ए बडगांव के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, विनिता मालवीय (लौहार) पत्नी प्रकाश मालवीय, निवासी मकान नंबर 65, शोभागपुरा ने रिपोर्ट दी कि आरोपियों ने उनके भूखंड पर कब्जा करने की नीयत से वहां लगा बोर्ड हटाकर अपने नाम का बोर्ड लगा दिया। इसके साथ ही भूखंड पर अपना बिजली मीटर भी लगा दिया। मामले में बडगांव थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 125, 324(4), 329(3) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच बडगांव थानाधिकारी हितेंश यादव कर रहे हैं।

कमलेश प्रजापति एनकाउंटर केस में पुलिस को बड़ी राहत, IPS आनंद शर्मा समेत 24 अधिकारियों पर हत्या का आदेश रद्द



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर। बाड़मेर के चर्चित कमलेश प्रजापति एनकाउंटर मामले में जोधपुर महानगर सेशन कोर्ट ने आईपीएस आनंद शर्मा समेत 24 पुलिस अधिकारियों और जवानों को बड़ी राहत दी है। अदालत ने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या और साजिश के आरोपों में संज्ञान लिया गया था। सेशन कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि ट्रायल कोर्ट ने मामले में मौजूद सीसीटीवी फुटेज, एफएसएल रिपोर्ट और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों का सही तरीके से मूल्यांकन नहीं किया। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने माना कि कमलेश प्रजापति ने भागने के दौरान पुलिस टीम पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया था और पुलिस की फायरिंग आत्मरक्षा में की गई कार्रवाई थी।

2021 में हुआ था एनकाउंटर

22 अप्रैल 2021 को बाड़मेर सदर थाना क्षेत्र में कमलेश प्रजापति की पुलिस मुठभेड़ में मौत हुई थी। घटना के बाद इसे लेकर सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर विरोध हुआ था। इसके बाद राज्य सरकार ने 31 मई 2021 को मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। सीबीआई ने जांच के बाद पुलिस कार्रवाई को सही बताते हुए क्लोजर रिपोर्ट कोर्ट में पेश की थी। एजेंसी ने कहा था कि उपलब्ध साक्ष्यों से फर्जी एनकाउंटर के आरोप साबित नहीं होते।

पत्नी की याचिका पर ट्रायल कोर्ट ने लिया था संज्ञान

सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ कमलेश की पत्नी जसोदा ने अदालत में चुनौती दी थी। सुनवाई के बाद एसीजेएम (सीबीआई) कोर्ट ने 16 अप्रैल 2025 को क्लोजर रिपोर्ट खारिज करते हुए आईपीएस आनंद शर्मा समेत 24 पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या और साजिश के आरोपों में संज्ञान लेने का आदेश दिया था। इस आदेश को पुलिस अधिकारियों ने जोधपुर महानगर सेशन कोर्ट में चुनौती दी थी।

सेशन कोर्ट ने सीसीटीवी और वैज्ञानिक साक्ष्यों को माना अहम

सेशन कोर्ट ने सुनवाई के दौरान घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज, एफएसएल रिपोर्ट और अन्य दस्तावेजों का परीक्षण किया। अदालत ने माना कि कमलेश ने भागने के प्रयास में लोहे का गेट तोड़ा और पुलिस टीम की ओर एसयूवी बढ़ाई। अदालत के अनुसार इस दौरान हेड कॉन्स्टेबल मेहाराम वाहन की चपेट में आ गए थे। उनकी जान बचाने और वाहन रोकने के लिए पुलिस कमांडो की ओर से की गई फायरिंग को अदालत ने आत्मरक्षा की कार्रवाई माना।

एनकाउंटर के बाद बरामद हुआ था सामान

पुलिस कार्रवाई के बाद सर्च ऑपरेशन में पुलिस ने 59.69 लाख रुपए नकद, 11 लग्जरी वाहन, अवैध हथियार, कारतूस और मादक पदार्थ बरामद करने का दावा किया था। सेशन कोर्ट के आदेश के बाद अब आईपीएस आनंद शर्मा सहित सभी 24 पुलिस अधिकारियों और जवानों को राहत मिल गई है।

राहुल गांधी के जन्मदिवस पर कांग्रेसजनों ने किया सेवा कार्य, गौसेवा एवं बच्चों के साथ मनाया जन्मोत्सव



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सेवा एवं जनकल्याण के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः महाकाल मंदिर गोशाला में गौमाता को हरा चारा खिलाकर गौसेवा की गई तथा राहुल गांधी के स्वस्थ, दीर्घायु एवं जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने की कामना की गई। इसके पश्चात बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिवस मनाया गया और उन्हें मिठाइयां वितरित की गईं।

इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी सदैव देश के गरीब, किसान, युवा, मजदूर एवं वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाते रहे हैं। उनके जन्मदिवस को सेवा, सहयोग और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाना उनके विचारों एवं जनसेवा की भावना को सम्मान देने का प्रतीक है। उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री दिनेश कुमार दवे ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गोपाल कृष्ण शर्मा, प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा, ए ब्लॉक अध्यक्ष सोमेश्वर मीणा, बी ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, उपाध्यक्ष दीपक व्यास, महामंत्री दिनेश कुमार दवे, मोहसिन खान, राजेश जैन, राजेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष मयंक खमेसरा, अमित सुहालका, शहजाद खान, यशवंत पालीवाल, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी, देहात अध्यक्ष गणेशलाल मेघवाल, ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष देवेंद्र माली, एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष नवीन मीणा, युवक कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह केलावत, सेवादल अध्यक्ष शैलेंद्र औदीच्य, सचिव यशवंत राजोरा, शाहिद हुसैन, जगदीश कुमावत, अमित श्रीवास्तव, सिद्धार्थ सोनी, नरेंद्र टांक, हिमांशु पवार, दौलत राम साहू, सविता राव, युवा नेता हिरदांशु जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

पंचायतीराज के 900 कर्मचारियों ने किया आधे दिन कार्य बहिष्कार, सदबुद्धि यज्ञ



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पंचायतीराज विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को आरएनटी मेडिकल कॉलेज स्थित हनुमान मंदिर में राज्य सरकार के लिए सदबुद्धि यज्ञ किया। कर्मचारियों ने यज्ञ के माध्यम से सरकार से उनकी मांगों पर जल्द निर्णय लेने की कामना की। पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन उदयपुर के अध्यक्ष वेणीराम पटेल ने बताया कि 16 जून से जिलेभर के करीब 900 पंचायतीराज कर्मचारी आधे दिन के कार्य बहिष्कार पर हैं। प्रदेश संगठन के आह्वान पर उदयपुर में भी ग्रामीण सेवा शिविरों का बहिष्कार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों ने आगामी 1 जुलाई से शुरू होने वाली 'विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण योजना में सहयोग नहीं करने की चेतावनी भी दी है। कर्मचारियों ने कहा कि 25 मई से जिले के सांसद और विधायकों को ज्ञापन देकर अपनी मांगों से अवगत कराया था, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। इसके बाद मजबूरी में आधे दिन के कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया गया। उदयपुर जिले में पंचायतीराज विभाग के करीब 900 कर्मचारी पिछले तीन दिनों से आंदोलन पर हैं, जिससे सरकारी योजनाओं के काम प्रभावित हो रहे हैं। कर्मचारियों की मांग है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर स्पष्ट जॉब चार्ट जारी किया जाए। इसके अलावा पदोन्नति में 55 प्रतिशत कैडर के अनुसार लाभ दिया जाए। जिन कर्मचारियों को लेट ज्वाइनिंग दी गई है, उन्हें भी नियमानुसार पदोन्नति का लाभ मिले और कर्मचारियों का उनके मूल जिले में स्थानांतरण किया जाए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर मांगें पूरी नहीं की गईं तो आंदोलन को बढ़ाते हुए पूरे दिन का कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

योग के वैज्ञानिक मूल्यांकन पर हुआ मंथन,

प्रो. सारंगदेवोत बोले- समग्र विकास के लिए योग जरूरी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 19 जून। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान विद्यापीठ की ओर से आयोजित 10 दिवसीय समारोह के तहत शुक्रवार को प्रतापनगर स्थित कुलपति सचिवालय सभागार में संगोष्ठी आयोजित की गई। "कार्यस्थल स्वास्थ्य अभियान के अंतर्गत शिक्षा में योग का वैज्ञानिक मूल्यांकन" विषय पर हुई संगोष्ठी की अध्यक्षता कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने की। इस दौरान कार्यकर्ताओं को योग का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि वर्तमान समय में योग केवल परंपरा नहीं बल्कि जीवन की आवश्यकता बन गया है। उन्होंने कहा कि नियमित योग अभ्यास से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन स्थापित होता है, जो व्यक्ति के समग्र विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने योग को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

योग से निरोग जीवन संभव- चेतना भाटी

कार्यक्रम में विद्यापीठ की ब्रांड एंबेसडर एवं पुलिस उप अधीक्षक चेतना भाटी ने कहा कि योग के माध्यम से व्यक्ति स्वस्थ और निरोग जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन योग परंपरा ने देश को विश्व में अलग पहचान दिलाई है, लेकिन आधुनिक तकनीकी जीवनशैली के कारण युवा पीढ़ी इससे दूर होती जा रही है।

उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक क्रिया नहीं बल्कि पंचतत्वों के संतुलन की प्रक्रिया है। इसके नियमित अभ्यास से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक संतुलन प्राप्त कर सकता है। उन्होंने युवाओं से आलस्य छोड़कर योग को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

कार्यक्रम की शुरुआत योग प्रभारी डॉ. रोहित कुमावत ने अतिथियों के स्वागत के साथ की। उन्होंने 10 दिवसीय योग कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत योग शिविर, कार्यशालाएं और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अंत में सभी प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया।

इस अवसर पर स्पोर्ट्स बोर्ड सचिव डॉ. भवानीपाल सिंह राठौड़, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, जितेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. दीपेश वत्स, भगवतीलाल दवे, डॉ. धीरेन्द्र सिसोदिया, रंजना राणा, अनिता राजपूत, ललित सालवी, कालूसिंह, विकास पालीवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होगा विशाल योग एवं ध्यान कार्यक्रम, 2000 से अधिक लोग होंगे शामिल



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार, 21 जून को आयुष मंत्रालय, भारत सरकार की सहभागिता में हार्टफुलनेस संस्था और श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति की ओर से विशाल योग एवं ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम श्री भवानी निकेतन कॉलेज ग्राउंड, सीकर रोड, जयपुर में सुबह 6 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में 2000 से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन का उद्देश्य योग को केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित न रखकर इसे समग्र जीवन पद्धति के रूप में लोगों तक पहुंचाना है, जिससे शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित किया जा सके।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्राणायाम, योगासन, स्वास्थ्यवर्धक मुद्राओं के साथ हार्टफुलनेस रिलेक्सेशन और निर्देशित ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा। साथ ही ध्यान की वैज्ञानिक और सरल पद्धति की जानकारी भी दी जाएगी, ताकि लोग तनावमुक्त और संतुलित जीवनशैली की ओर प्रेरित हो सकें।

कार्यक्रम में ब्राइटर माइंड्स तकनीक का विशेष प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसके माध्यम से बच्चों और युवाओं की एकाग्रता, स्मरण शक्ति और मानसिक क्षमताओं के विकास से जुड़ी तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। ब्राइटर माइंड्स के प्रशिक्षित छात्र आंखों पर पट्टी बांधकर केवल स्पर्श और अनुभूति के आधार पर वस्तुओं की पहचान, कार्ड पढ़ने सहित अन्य रोचक प्रदर्शन करेंगे।

हार्टफुलनेस संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि योग और ध्यान का नियमित अभ्यास व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक एवं भावनात्मक संतुलन को भी मजबूत करता है। उन्होंने नागरिकों से परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होकर योग, ध्यान और सकारात्मक जीवनशैली के इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील की है।

राजस्थान में मौसम का अलर्ट: उदयपुर सहित कई जिलों में तेज आंधी-बारिश और ओलावृष्टि की संभावना, IMD ने जारी की चेतावनी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) जयपुर केंद्र ने शुक्रवार 19 जून 2026 को तात्कालिक मौसम चेतावनी जारी की है। चेतावनी के अनुसार अगले 3 घंटों तक प्रदेश के कई जिलों में मेघगर्जन, तेज हवाओं, धूलभरी आंधी और बारिश की संभावना जताई गई है।

इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट

नागौर, डीडवाना-कुचामन, ब्यावर, अजमेर, भीलवाड़ा, सलूम्बर, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, टोंक, जयपुर, दौसा, करौली, भरतपुर, धौलपुर और चित्तौड़गढ़ जिलों में कुछ स्थानों पर मध्यम से तेज मेघगर्जन के साथ अचानक तेज हवाएं चल सकती हैं। इन क्षेत्रों में 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं, धूलभरी आंधी, ओलावृष्टि और मध्यम से तेज बारिश की संभावना जताई गई है।

इन जिलों में यलो अलर्ट

अलवर, कोटपूतली-बहरोड़, सीकर, राजसमंद, उदयपुर, डीग, खैरथल-तिजारा और झुंझुनूं जिलों में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश, मेघगर्जन और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। वज्रपात की भी संभावना है।

IMD की सावधानी की अपील

मेघगर्जन के दौरान पेड़ों, बिजली के खंभों और कमजोर संरचनाओं के नीचे शरण न लें। सुरक्षित स्थान पर रहें। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें। बिजली के उपकरणों को अनप्लग करें और धातु की वस्तुओं व पानी के नल को न छुएं।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा।